# ‘जिन शक्तियों का सम्मान, वे दूसरों के लिए प्रेरणा’

## मिशन शक्ति के तीसरे चरण के शुभारंभ पर सीएम ने महिलाओं को सराहा, 31 दिसंबर तक चलेगा तीसरा चरण

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश की महिलाओं व बेटियों को सुरक्षा और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शनिवार यहां 'मिशन शक्ति' के तीसरे चरण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पहले व दूसरे चरण में उल्लेखनीय काम करने वाली 75 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन महिलाओं को सम्मान मिला है, वह दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा बन सकती हैं।

उन्होंने प्रदेश भर से आई महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में बंटने वाला पोषाहार भी अब महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से वितरित करने की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार डेढ़ लाख पुलिस भर्ती में 20 फीसदी पदों महिलाओं की नियुक्ति हुई है।

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के पहले प्रदेश का जो वातावरण था, उससे महिलाओं में असुरक्षा व भय का भाव था। इसी भाव को दूर करने के लिए मौजूदा सरकार ने सत्ता संभालने के साथ ही सबसे पहले महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों की शुरूआत किया था। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के तीसरे चरण का यह अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। आज सभी 75 जिलों में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है और हर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 75-75 महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का प्रदेश के 58 हजार ग्राम पंचायतों में सीधा प्रसारण किया जा रहा है। जिससे महिलाओं व बेटियों को प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा, वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना महिला कल्याण राज्यमंत्री स्वाति सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी और डीजीपी मुकुल गोयल समेत कई अधिकारी मौजूद थे।



लखनऊ में शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मिशन शक्ति के तीसरे चरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को प्रतिमा भेंटकर उनका स्वागत किया। फोटो : अमर उजाला



आईपीएस अफसर रुचिता चौधरी को सम्मानित करतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए समारोह में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोहा। फोटो : अमर उजाला

### 1.55 लाख लाभार्थियों खाते में भेजी धनराशि

कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'मुख्यमंत्री सुमंगला योजना' के तहत 1.55 लाख नई लाभार्थियों के खाते में 30.12 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। साथ ही 59 हजार ग्राम पंचायत भवनों में मिशन शक्ति कक्ष का भी शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बताया कि 10 हजार महिला बीट पुलिस अधिकारियों की तैनात की जाएगी। मिशन शक्ति के तहत 84.79 करोड़ की लागत से 1286 थानों में पिंक टायलेट का निर्माण किया जाएगा। महिला बटालियनों के लिए 2982 पदों के लिए विशेष भर्ती भी की जाएगी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बदायूं में बनने वाले पीएसी की महिला बटालियन परिसर का शिलान्यास किया।

### दहेज प्रथा व बाल विवाह रोकने का संकल्प लें: आनंदीबेन

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कार्यक्रम में कहा कि सभी महिलाएं यहां से संकल्प लेकर जाएं कि वे दहेज प्रथा पर अंकुश लगाएंगी और बाल विवाह नहीं होने देंगी। मिशन शक्ति का भी यही उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि समाज की 75 फीसदी जिम्मेदारी महिलाओं पर है। केंद्र व राज्य सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं से महिलाएं जागरूक हो रही हैं और उनकी सोच में बदलाव आ रहा है।